# कलेक्टर : ई-टोकन से मिलेगा खाद का रिजर्व स्लॉट

**कतार और कालाबाजारी से मिलेगी मुक्ति**
**जिले में ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली पर समीक्षा बैठक**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 04 दिसम्बर।** किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली लागू कर दी गई है। यह पूर्णत: डिजिटल व्यवस्था किसानों को लंबी कतारों, कालाबाजारी, अनियमित वितरण और बिचौलियों से राहत दिलाएगी। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किसानों और पत्रकारों की बैठक में इस नई व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री चौधरी ने बताया कि किसान पंजीयन के बाद उर्वरक प्राप्त करने के लिए ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। इस टोकन में किसान का नाम, पंजीयन क्रमांक, उर्वरक का प्रकार एवं मात्रा, वितरण केंद्र, निर्धारित तिथि व समय अंकित रहेगा। टोकन किसानों को एसएमएस, मोबाइल ऐप या वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगा।

निर्धारित समय तक किसान का खाद संबंधित केंद्र पर रिजर्व रहेगा। यदि किसान समय पर खाद लेने नहीं पहुंचता है तो उसका पंजीयन रद्द हो जाएगा और उसे पुन: पंजीयन करना होगा।

### ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली : ऐसे होगी पूरी प्रक्रिया

1. रीयल-टाइम स्टॉक अपडेट - रिटेलर वेब/मोबाइल ऐप से उर्वरक उपलब्धता नियमित अपडेट करेंगे। 2. किसान का पंजीकरण - आधार और मोबाइल नंबर के आधार पर डिजिटल पहचान के साथ पंजीयन। 3. भूमि विवरण की पुष्टि एग्री-स्टैक से भूमि व फसल संबंधी जानकारी प्राप्त होगी। 4. रिटेलर चयन - किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी अधिकृत रिटेलर का चयन करेगा। 5. स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम - करंट स्टॉक, डेली सेल, रिटेलर वाइज स्टॉक एवं ई-टोकन रिपोर्ट उपलब्ध रहेगी। 6. टोकन स्कैनिंग - रिटेलर मोबाइल ऐप से किसान का टोकन स्कैन होगा और वितरण की पुष्टि की जाएगी। 7. डिजिटल टोकन जारी - जिसमें वितरण की तिथि, समय और स्थान दर्ज रहेगा।

**भूमि एग्री-स्टैक पर प्रदर्शित न होने पर यह करें :**

यदि किसान की भूमि एग्री-स्टैक पर नहीं दिखती है तो वह आधार से लॉगिन कर ट्रस्ट/पट्टा/अन्य किसानों पंजीयन लिंक पर जाकर आवश्यक जानकारी भर सकेगा। यह जानकारी एसडीएम/पटवारी द्वारा सत्यापित होने के बाद किसान पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी मांग के अनुसार ई-टोकन जनरेट कर सकेगा और नियत तिथि पर उर्वरक प्राप्त करेगा।

# आईपीएल यूरिया रैक से जिले को 1200 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 04 दिसम्बर।** आईपीएल कंपनी का यूरिया की रैक शिवपुरी रैक पॉइंट पर लगी जिससे जिले को 1200 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ। जिसमें से 06 डबल लॉक केंद्रों को 375 मै. टन, 08 सहकारी समितियों को 200 मै. टन, 04 मार्केटिंग सोसायटियों को 225 मै. टन एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को 400 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ।

जिले की 08 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कुल 200 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ है। प्राथमिक कृषि साख सह. समिति कोलारस, कोटा, बूडदा, कुवंरपुर, सिंहनिवास, भटनावर, खुदावली एवं करैरा समितियों को 25-25 मैट्रिक टन यूरिया मिला है। डबल लॉक गोदामों में मार्कफेड शिवपुरी को 50 मै. टन, करैरा को 90 मै. टन, पिछोर को 90 मै. टन, कोलारस को 30 मै. टन, पोहरी को 25 मै. टन एवं बदरवास को 90 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ है। विपणन सहकारी संस्था बैराड को 25 मै. टन, विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग खनियाधाना को 75 मै. टन, नलदमयंती विपणन सहकारी संस्था नरवर को 75 मै. टन एवं विपणन सहकारी संस्था मार्केटिग कोलारस 50 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ है। निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं में जनता एग्रो एजेंसी शिवपुरी को 50 मै. टन, राधिका ट्रेडर्स शिवपुरी को 50 मै. टन, राजेंद्र ब्रदर्श शिवपुरी को 50 मै. टन, विनोद ट्रेडिंग कंपनी शिवपुरी को 50 मै. टन, अग्रवाल इंटरप्राईजेज करैरा को 50 मै. टन एवं अल्का एजेंसी बमौरकलां खनियांधाना 50 मै. टन, बालाजी ट्रेडिंग कंपनी बैराड को 25 मै. टन, जगन्नाथ मदनलाल नरवर 50 मै. टन एवं छाजेड बंधू शिवपुरी 25 मै. टन यूरिया उपलब्ध हुआ है।



# स्वास्थ्य कर्मियों को दिया अंतरा व छाया का प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 04 दिसम्बर।** दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन की सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अंतरा इंजेक्शन एवं छाया टैबलेट के उपयोग पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय शिवपुरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में करीब आधा सैकड़ा सीएचओ, एएनएम एवं नर्सिंग ऑफिसर्स ने भाग लिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विभिन्न स्थायी और अस्थायी साधनों को लक्ष्य दंपतियों की पसंद अनुसार उपलब्ध करा रहा है। इन्हीं अस्थायी साधनों—अंतरा इंजेक्शन और छाया टैबलेट—के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आईपास संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण आईपास के संभागीय कोऑर्डिनेटर ज्ञानेन्द्र दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. अनीता पाल, ज्ञानेन्द्र दुबे एवं जिला मीडिया अधिकारी अखिलेश शर्मा ने किया। समापन चरण में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे लक्ष्य दंपतियों की काउंसलिंग कर अंतरा एवं छाया के उपयोग को प्रोत्साहित करें। इस कार्य की समीक्षा आगामी बैठक में की जाएगी।

# जहरीली शराब पर करैरा आबकारी की बड़ी कार्रवाई





**13 .5 लीटर जहरीली हाथ भट्टी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, छितीपुर में 300 लीटर शराब ज़ब्त**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 04 दिसम्बर।** जिले में जहरीली शराब के कारोबार पर लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत 4 दिसंबर 2025 को आबकारी वृत्त करैरा टीम ने दो महत्वपूर्ण दबिशें देकर बड़ी सफलता हासिल की। कलेक्टर रविन्द्र चौधरी के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में करैरा वृत्त प्रभारी गौरव कुमार कोल की टीम ने दिनारा क्षेत्र के पिछोर रोड स्थित अशोक होटल के पास पहाड़ी पर दबिश देते हुए आरोपी उमा कंजर को 13.5 लीटर जहरीली हाथ भट्टी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) और 49(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

एक अन्य कार्रवाई में टीम ने छितीपुर स्थित कंजर डेरे पर दबिश देकर छह प्रकरण दर्ज किए। यहां से 300 लीटर हाथ भट्टी शराब, मदिरा निर्माण की सामग्री जब्त की गई तथा मौके पर 4800 किलो गुड़ लहान नष्ट किया गया। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 4.5 लाख रुपये आंकी गई। इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी गौरव कोल, आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी डॉ. तीर्थराज भारद्वाज, उपनिरीक्षक लोकेश बेवारिया, आरक्षक रितिक तथा सैनिक अनिल, रवि और सुमन का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि शिवपुरी जिले में जहरीली शराब के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# उज्जैन में स्काई डाइविंग का पांचवा संस्करण 12 से

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल,04दिसम्बर.** पर्यटन, संस्कति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश को प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने के लिये विभिन्न आयोजन एवं गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं. इसी क्रम में मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से उज्जैन में स्काई-डाइविंग के पाँचवे संस्करण का आयोजन 12 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक दताना एयरस्ट्रिप, उज्जैन में किया जाएगा. उज्जैन में दो माह की अवधि के लिए पर्यटक 10 हजार फीट की ऊँचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी के नए और रोमांचकारी दर्शन का अवसर प्राप्त करेंगे. राज्य मंत्री श्री लोधी ने बताया कि स्काई-डाइविंग फेस्टिवल के चार सफल संस्करणों और एडवेंचर गतिविधियों के प्रति पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए इस वर्ष पाँचवे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है. विगत चार संस्करणों में 700 से अधिक पर्यटकों ने इस रोमांचक गतिविधि का आनंद लिया है.

# दुष्कर्म के फरार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 04 दिसम्बर।** थाना भौंती पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी मुसाब लोधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। नाबालिग बालिका ने 29 सितम्बर 2025 को थाने में पहुंचकर आरोपी मुसाब लोधी पुत्र घनश्याम लोधी निवासी ग्राम विजयपुर थाना भौंती पर जबरदस्ती गलत काम करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 374/25 धारा चौंसठ(1), चौंसठ(2)(एफ), चौंसठ(2)(एम), पैंसठ(1), तीन सौ इक्यावन(3) भारतीय न्याय संहिता, तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा पाँच(एल)/छह, पाँच(एन), तीन/चार(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। थाना प्रभारी भौंती निरीक्षक मनोज राजपूत के निर्देशन में उनि कुसुम गोयल, चौकी प्रभारी खोड़ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। लगातार तलाश के बाद



पुलिस ने 03 दिसम्बर 2025 को आरोपी मुसाब लोधी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम विजयपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनोज सिंह राजपूत, उनि कुसुम गोयल, सउनि मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि संजय भगत, प्रआर 234 प्रहलाद सिंह यादव, प्रआर 669 अभयराज सिंह, आर 38 मलखान गुर्जर, आर 109 रवि शर्मा, आर 38 दुर्गाविजय रावत, आर 517 संतोष पाठक, आर 441 वीरेन्द्र सिंह और सैनिक निकिल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जनपद में एक बगिया माँ के नाम कार्यशाला आयोजित



**ग्रामीण महिलाओं की आजीविका सुदृढ़ करने पर दिया जोर**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 04 दिसम्बर।** मनरेगा एवं राज्य आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 'एक बगिया माँ के नाम' परियोजना अंतर्गत जनपद पंचायत कोलारस के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना प्रधानमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है।

कार्यशाला के दौरान बताया गया कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ निर्धारित समय सीमा में खेतों पर पौधरोपण करेंगी। पौधों की सुरक्षा के लिए 2 मीटर ऊँची तार फेंसिंग लगाई जाएगी, जिसमें आरसीसी पोल का उपयोग अनिवार्य रहेगा। साथ ही 3 से 4 फीट ऊँचे कलमी पौधे रोपने के निर्देश भी प्रदान किए गए। अधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति और स्वावलंबन क्षमता भी मजबूत करेगी। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश शाक्य, सहायक यंत्री राजेन्द्र शर्मा, एपीओ सूबोध दीक्षित, आजीविका मिशन ब्लॉक मैनेजर संजय सिंह चौहान सहित रामसुशील तिवारी, राजकुमार राठोर, आशीष चतुर्वेदी, अमित बंसल, सब इंजीनियर धर्मेन्द्र शर्मा, हेमन्त पूरी, प्रवेश, हेमांशु त्यागी, दिलीप गर्ग, आदित्य सेंगर तथा कृषि सखी रेखा, वंदना, अंजना, सुनीता, सीमा, पिंकी, अंगूरी, सुनील लोधी, अशोक चंदेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में स्व-सहायता समूहों की लगभग 80 महिलाएँ तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिव और सहायक भी उपस्थित रहे।




# किसानों को मुआवजे के मामले में विपक्ष ने किया वाकआउट

- प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोंकझोंक
- पहले 3 हजार मिलते थे हम 16 हजार दे रहे : सीएम

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 4 दिसंबर.** सदन में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच किसानों को फसल नुकसान पर मिलने वाले मुआवजे को लेकर जमकर नोंकझोंक हुई. इस मामले में जहां सीएम ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान दिये जाने वाली राशि का जिक्र किया, वहीं नेता प्रतिपक्ष ने भी आज की बात करने की नसीहत सत्ता पक्ष को दी.

इस मामले में सदन में पक्ष-विपक्ष के तेवर तीखे रहे, जब विपक्षी सदस्य सीटों पर खड़े होकर सरकार पर आरोप लगाने लगे और आसंदी के सामने जा पहुंचें तो सत्ता पक्ष के सदस्य भी सीटों पर खड़े होकर जोर-जोर से बोलने लगे, जिससे सदन में शोरगुल की स्थिति बन गई. बाद में विपक्ष ने सरकार पर किसानों को फसलों का मुआवजा नहीं देने का आरोप लगाते हुए वाकआउट कर दिया.

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के सदस्य बाबू जन्डेल ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी अब तक किसानों के खाते में फसल को हुए नुकसान की मुआवजा राशि नहीं मिलने का आरोप लगाया. इस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि किसानों के खाते में संपूर्ण राशि डाल दी गई है.

# प्रदेश प्रवक्ता ने कमलनाथ से की प्रस्ताव पर चर्चा

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 4 दिसम्बर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुरुवार को अपने निवास पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रतिनिधि शहरयार खान के साथ बैठक कर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा की. यह प्रस्ताव स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने, विशेषकर छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने को लेकर प्रस्तुत किया गया.**



खान ने अपने प्रस्ताव में युवाओं और महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की योजना का खाका पेश किया.

# भाजपा विधायकों के तीखे सवाल से घिरी सरकार

- कटनी में व्यापारी के घर हुई आगजनी का मामले
- गलत गैर जमानती धाराएं लगाने का लगाया आरोप

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 4 दिसंबर. सदन में गुरुवार को सरकार एक साथ चार भाजपा विधायकों के सवालों पर घिर गई.**

आखिरकार गृह राज्य मंत्री थाने की स्टाफ के अतिरिक्त उच्च अफसरों से मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया, तब जाकर मामला ठंडा हुआ.

ध्यानाकर्षण के दौरान भाजपा के सदस्य प्रणय प्रभात पांडे, डॉ. अभिलाष पाण्डे और संदीप जायसवाल के अलावा संजय पाठक ने कटनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में व्यापारी के घर हुई आगजनी के संबंध में गैर जमानती गलत धाराएं लगाए जाने का मामला उठाया. उनका कहना था कि नाजिम खान जो कि हथियारों के व्यापारी रहे हैं, 26, 27 अगस्त की दरमियानी रात को उनकी नेम प्लेट जला दी गई थी, जिसमें पुलिस ने नाजायज तरीके से शुभम त्रिपाठी के ऊपर घर जलाने और परिजनों को जलाने की धाराएं लगाई गई, जबकि सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि केवल नेम प्लेट जली है. इस मामले में पुलिस ने नाजिम खान के साथ मिलीभगत कर गलत धाराएं लगाई गई और त्रिपाठी को परेशान किया गया. विधायकों का ये भी कहना था कि त्रिपाठी ब्राहमण समाज से आते हैं और उनके दादाजी की समाज में काफी प्रतिष्ठा है, पुलिस की कार्रवाई से ब्राहमण समाज में नाराजगी है. उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की.

> विपक्ष के सुरेन्द्र हनी सिंह बघेल ने भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की. इस पर हस्तक्षेप करते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस मामले में जांच के बिंदु दे दें, एक-एक बिंदु की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी. सरकार किसी निर्दोष के खिलाफ नहीं है, लेकिन किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. वहीं गृह राज्य मंत्री ने भी भरोसा दिलाया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी.

# आज से प्रदेश में बढ़ेगी ठिठुरन

**ठंडी हवा के चलते कई शहरों गिरेगा तापमान**

**भोपाल, 04 दिसंबर. प्रदेश में शुक्रवार को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी. खास करके शुक्रवार-शनिवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर,उज्जैन, चंबल संभाग में कोल्ड वेव और शीतलहर चलने के आसार है. इसके अलावा पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते आ रही ठंडी हवा के चलते कई शहरों के न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज हो सकती है.**

मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर के दूसरे हफ्ते से और जनवरी के तीसरे हफ्ते तक प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव की स्थिति बनेगी. अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा. इस दौरान कुछ क्षेत्रों में धुंध छा सकती है.

## 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से भी कम



> **इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा**
> भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम रहा. भोपाल में 9 .2 डिग्री, इंदौर में 8 .4 डिग्री, जबलपुर में 10 .6 डिग्री, उज्जैन में 12 डिग्री और ग्वालियर में 14 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा. यहां न्यूनतम तापमान 6 .7 डिग्री दर्ज किया गया. शहडोल के कल्याणपुर में 7 .1 डिग्री, उमरिया में 8 .2, अमरकंटक-शाजापुर में 8 .7 दर्ज किया.

# किसान कांग्रेस ने तय की जमीनी रणनीति

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 4 दिसम्बर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को किसान कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में किया. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान ने की.**



इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पी.सी. शर्मा, लाखन सिंह यादव, पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक बाबू जंडेल, पंकज उपाध्याय, सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव, पुनीत टंडन सहित राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के पदाधिकारी कुलदीप पटेल और बरुआ उपस्थित रहे.

अपने उद्बोधन में श्री पटवारी ने किसान कांग्रेस को पार्टी संगठन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि किसान खाद और बीज की कमी, नकली दवाइयों एवं कृषि सामग्री की मिलावट जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जबकि मोहन सरकार किसानों की प्राथमिकताओं की उपेक्षा कर रही है. उन्होंने घोषणा की कि मार्च 2026 में किसानों के नेतृत्व में विधानसभा घेराव किया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रदेश की 75 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर है, इसलिए संगठन का विस्तार ब्लॉक स्तर से प्रत्येक पंचायत तक किया जाए और हर पंचायत में अध्यक्ष नियुक्त हो.

बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए—जिला व ब्लॉक इकाइयों को पंचायत स्तर तक मजबूत बनाना; किसानों की समस्याओं का व्यवस्थित संकलन; कृषि विभागों में भ्रष्टाचार उजागर करने हेतु आरटीआई का प्रभावी उपयोग; सोशल मीडिया के माध्यम से किसान-केंद्रित संदेशों का प्रसार; तथा 14 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित अखिल भारतीय अधिवेशन की तैयारी.